हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 3 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

11 जैतखंभ व गुरु गद्दी की पूजा कर मनाई घासीदास जयंती



11 बुजुर्गों का सरकार बनाने में हुई बहुत बड़ा योगदान: सांसद विजय





# ट्रक चालक हड़ताल: पुलिस के पहरे में पहुंचेगा पेट्रोल पंपों में डीजल व पेट्रोल

## कलेक्टर, एसपी, आरटीओ व पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक में हुआ निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई/दुर्ग

हिट एंड रन मामले में ड्राइवरों का हड़ताल का दूसरे दिन भी असर दिखाई दिया। पेट्रोल पंपों पर लोगों की कतारें कम नहीं हो पाई है। लोगों को अभी भी पेट्रोल का स्टॉक खत्म होने का अंदेशा बना हुआ है। जिसकी वजह से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। इधर कलेक्टर एवं एसएसपी ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें मंगलवार की रात से ही पेट्रोल पंपों में पुलिस के पहरे में पेट्रोल-डीजल टैंकर खाली कराने का निर्णय लिया गया। चौकियों में भी टैंकर परिवहन को सुचारू रूप देने पुलिस व्यवस्था की गई है।




### नाकों व चौकियों पर पुलिस का पहरा

ट्रक चालकों की देशव्यापी हड़ताल को देखते हुए कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने सभी एस.डी.एम., खाद्य विभाग, परिवहन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले में अति आवश्यक वस्तु की आपूर्ति जैसे पेट्रोल, डीजल, दवाई, घरेलू एलपीजी आदि की किसी प्रकार की कमी नहीं होना चाहिए। उन्होंने इन वस्तुओं की आपूर्ति के आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हर संभव प्रयास करने तथा आवश्यकता अनुरूप पेट्रोल, डीजल आपूर्ति सुनिश्चित करने निर्देशित किए। राजस्व एवं खाद्य विभाग के अमले को अबाधित परिवहन हेतु सभी टोल नाकों और चौकियों में आवश्यक व्यवस्था करने कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आर.जी. गर्ग ने कहा कि अति आवश्यक वस्तु की आपूर्ति के लिए आरटीओ अधिकारी की मदद से लाऊडस्पीकर के माध्यम से ट्रक चालक को हिदायत दी जाएगी। ट्रक ड्रायवरों को समझाईश देते हुए बताया जाए कि यह कानून हिट एंड रन कानून में सख्ती लाने से देश में यातायात व्यवस्था सुलभ होगी तथा सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने में यह कानून अति आवश्यक पहल है।

### दूसरे दिन भी नहीं चलीं बसें

दूसरे मंगलवार को भी बसें नहीं चली। जिसकी वजह से यात्रियों को दिक्कतें उठानी पड़ी। आटो व ट्रैक्सियों ने अपने रेट बढ़ा दिए। मनमाना किराया लेकर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया।

**00 मार्केट हुआ महंगा**

ट्रक चालकों के हड़ताल से दुर्ग-भिलाई जिले में सब्जी मार्केट पर भी व्यापक असर पड़ा है। मंडियों में सब्जी नहीं आ रही है। जिसकी वजह से सब्जियों के दाम बढ़ गए है। लोगों की जेबें ढीली हो रही है।



**फोरलेन पर चक्काजाम**

ट्रक चालकों ने मंगलवार को हिट एंड रन कानून के विरोध में तीन दर्शन मंदिर के सामने फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया। करीब 1 घंटे बाद पुलिस यहां आई और उन्हें हटाया। चालक इंदरजीत ने बताया कि नए कानून से चालकों को दिक्कत बढ़ेगी क्योंकि यदि दुर्घटना चालक भाग जाता है तो उसे जेल व जुर्माना होगा और यदि रूकता है तो भीड़ के हमले का शिकार होगा।

## खबर संक्षेप

### सेक्टर-6 में भागवत कथा आज से प्रारंभ

**भिलाई।** राधे-राधे महिला मण्डली द्वारा सेक्टर-6, सड़क-17, शनि मंदिर के पास 3 से 11 जनवरी तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। भागवत ज्ञान यज्ञ की शुरुआत 3 जनवरी को कलश यात्रा व भागवत उत्सव से होगी। कथा समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक होगी । कथा वाचक रामजी महाराज वृन्दावन वाले होंगे। कथा प्रारंभ 3 जनवरी को कलश या 4 जनवरी को सुकदेव आगमन, 5 जनवरी को कपिलदेव-हुति संवाद, 6 को प्रहलाद कथा, 7 को बाल लीला, 8 को रासलीला, 9 को रूखमणी विवाह, 10 को सुदामा चरित्र, चढ़ोतरी, 11 को तुलसी वर्षा, हवन भंडारा के साथ कथा का समापन होगा।

### राशन कार्ड को फर्जी तरीके से किया ट्रांसफर

**भिलाई।** फर्जी तरीके से दूसरे राशन दुकान में बिना आईडी के राशन खाता ट्रांसफर करने मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। खाद्य विभाग की शिकायत पर पुलिस ने धारा 420, 66 के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार टीआई उमेंद टंडन ने बताया कि 2021 में बापू नगर खुर्सीपार निवासियों का राशन खाता फर्जी तरीके से सेक्टर 4 के राशन दुकान में ट्रांसफर किया गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### प्राणघातक हमला करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** कटर से प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि यादव पारार खुर्सीपार निवासी जनक सिंग और सूरज कोसले नामक युवक का विवाद चल रहा था। इस दौरान सूरज ने हाथ में रखे कटर को निकालकर जनक पर चला दिया। घटना में जनक को गंभीर रुप से चोट आई है।

### मकान में लगा सीसी कैमरा तोड़कर ले भागा

**भिलाई।** मकान में लगे सीसी कैमरा को तोड़ने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है। अज्ञात आरोपी पर पुलिस ने धारा 380, 457,427, 511 के तहत जुर्म ददर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पतोरा पोस्ट उतई निवासी आर्मी कर्मी कमलेश कुमार का स्वयं का जयंती नगर दुर्ग में मकान है। रविवार- सोमवार की दरम्यानी रात जयंती नगर के मकान में ताला ज़डा हुआ था। मकान में सीसी कैमरा लगा हुआ है। मोबाइल से कनेक्ट होने से तुरंत एसएमएस आने पर देखा तो अज्ञात व्यक्ति मकान का ताला तोडने की कोशिश कर था। इस दौरान ताला नहीं टूटने पर घर में लगा कैमरे को तोड कर केबल उखाड दिया। तब पडोसी चुम्मन राजपूत, पवन सिंग आवाज करते निकलने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। चोरी की घटना से आसपास क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों ने पुलिस गश्त की मांग की है।

## अपराध : आरोपी और मृतक एक साथ बैठकर पी रहे थे शराब

# नववर्ष पार्टी के दौरान विवाद पत्थर पटककर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नववर्ष की पार्टी के दौरान हुए विवाद ने हत्या का स्वरूप ले लिया। दो युवक नववर्ष के आगमन पर खुशी मनाने बैठे थे। शराब भी पी रखी थी। इसी दौरान दोनों में विवाद खड़ा हो गया और इसकी परिणीति हत्या के रूप में सामने आई। शराब के नशे में मुक्का मारने के बाद आरोपी आवेश में आकर युवक के सिर पर पत्थर पटककर हत्या कर दी। मृतक गोपाल उर्फ पांगहू सोनवानी 20 वर्ष ग्राम कपसदा निवासी है। वहीं गांव के ही आरोपी आकाश उर्फ मोहित मारकंडे है। पुलिस ने खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज कर हत्या करने

**खास बातें**

- न्यू ईयर का जश्न मना रहे थे दोनों
- मृतक और आरोपी दोनों पी रहे थे शराब
- कुम्हारी थाना क्षेत्र की घटना
- आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चंद घंटों में पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार**





इस तरह की गई मृतक गोपाल की पत्थर पटकर हत्या। आरोपी आकाश।

### अकोला नाले के पास मिली लाश

कुम्हारी पुलिस ने बताया कि मंगलवार की सुबह ग्राम कपसदा निवासी गोपाल उर्फ पांगहू सोनवानी 20 वर्ष की खून से सनी लाश खपरी स्थित केडिया डिस्लरी से अकोला रोड नाले के पास मिली। मौके पर कुम्हारी टीआई संजीव मिश्रा पहुंचे शव का शिनाख्त करने के बाद घटना की जानकारी परिजनों को दिया। घटनास्थल पर पत्थर मिला जिसमें खून लगा हुआ था। मौके से मिले सुराग के आधार पर पुलिस को क्लीयर हो गया था कि गोपाल की हत्या पत्थर से कुचलकर की गई है।

### संदिग्ध युवकों से मिला सुराग

पुलिस ने आसपास क्षेत्र के कुछ संदिग्ध युवकों को पकड़कर पूछताछ करना शुरु किया। गोपाल के बारे में पता चला कि आखिरी बार कुछ युवकों के साथ शराब पी रहा था। जहां विवाद होने के बाद दूसरे जगह जाकर अन्य युवक के साथ शराब पी रहा था। जांच में पुलिस को पता चला कि मृतक गांव के आकाश उर्फ मोहित मारकंडे के साथ शराब पी रहा था। खपरी के पास 1 जनवरी की रात 10-11 बजे बैठकर शराब पी रहे थे।

### मुक्के का बदला पत्थर पटाकर लिया

पुलिस ने बताया कि मृतक गोपाल शराब के नशे में था। आकाश के साथ खपरी के पास दोनों मिलकर शराब पी रहे थे। इस दौरान गोपाल नशे की हालत में आकाश को जोरदार मुक्का मार दिया। इतने में आकाश आक्रोश में आकर सामने पड़े नुकीले पत्थर को गोपाल के सिर पर पटक दिया। घटना में गोपाल खुन से लतपथ हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी आकाश उसकी मौत होने पर फरार हो गया। मंगलवार की सुबह कुम्हारी पुलिस को गोपाल की लाश नाले के पास मिली थी। मृतक अविवाहिता था उसके पिता की मौत पहले हो गई है। अपनी मां रूपसंढा के साथ रहता था। मृतक रायपुर के भाठा गांव में स्थित नए बस स्टैंड के पास होटल हेरिटेज में काम करता था।

### साल की पहली हत्या

दुर्ग जिले में वर्ष 2024 का पहला हत्या कुम्हारी थाना क्षेत्र में हुआ लेकिन पुलिस ने चंद घंटो में आरोपी को पकड़ भी लिया है। वहीं 2023 में दो माह को छोड़ इसके पूर्व दुर्ग जिला अपराधों का गढ़ बना रहा है। वर्ष 2022 में हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण मामले में 821 अपराध दर्ज हुए। वहीं 2023 में 811 इस तरह के अपराध दर्ज किए गए है। जिसमें 1.21 प्रतिशत अपराधों में कमी आना पुलिस रिपोर्ट में बताया गया है। मगर दुर्ग जिले में अपराध कुछ प्रतिशत ही कम हुआ लेकिन अपराध पर पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही है। पुलिस को इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करनी होगी।

### न्यू ईयर की पार्टी मना रहे थे दोनों

आरोपी आकाश ने पुलिस को बताया कि गोपाल के साथ मिलकर न्यू ईयर की पार्टी मनाने खपरी नाले की तरफ गए थे। शराब के नशे में आकाश का विवाद गोपाल से हो गया था। इस दौरान दोनों में विवाद हो गया। गोपाल ने पहले आकाश की चाबी दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। झगड़ा बढ़ने पर आरोपी ने गोपाल को धक्का देने पर वह जमीन पर गिर पड़ा। फिर आकाश ने उसकी हत्या करने की नियत से पत्थर को गोपाल के सिर पर दो -तीन बार पटक दिया। गोपाल और आकाश की अच्छी बनती थी लेकिन शराब के नशे में आपस में विवाद कर लिए।

### आरोपी गिरफ्त में

हत्या कर लाश को नाले के पास फेंक दिया गया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुची और शव का शिनाख्त कर आरोपी की तलाश में जुटी रही। शराब के नशे में विवाद फिर पत्थर पटक कर हत्या की गई। आरोपी को पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया है। **-आशीष बंछोर,** सीएसपी छावनी

## स्वावलंबन योजना का हाल

# 43 आवंटितों ने नहीं दिया 11.80 लाख किराया व कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

स्वावंलब योजना में रोजगार के लिए दुकानें आबंटित करवा ली लेकिन सालों से किराया जमा नहीं किया।

भिलाई निगम के अंतर्गत 43 आबंटितों ने 11 लाख 80 हजार 532 रुपए पटाया। सरकार बदलने के बाद निगम सख्ती कर वसूली करने के लिए अब आबंटन ही निरस्त करने वाला है। इससे जो दुकानदार किराया जमा कर देंगे उन्हे राहत मिल जाएगी। जो दुकानदार पैसा जमा नहीं करेंगे उनकी दुकानें दूसरे जरूरतमंद को आबंटित होगी।

- निगम ऐसे दुकानों का आवंटन करेगा निरस्त

दीनदयालपुरम में 10 आबंटित का बकाया है। प्रियदर्शनी परिसर में 9 आबंटित दायरे में है। नेहरू नगर में 11 दुकानदारों और राधिकानगर में 12 आबंटितों ने किराया व कर भुगतान नहीं किया है।

### दीनदयालपुरम में 10 आबंटित का बकाया

दीनदयालपुरम खुर्सीपार में 10 आबंटिती का किराया व कर बकाया है। इनमें दगीता मानिकपुरी 10450 रुपए, रविकुमार सिंह 10450 रु., रमेश कनौजिया 11000रु., पूर्णिमा स्वर्णकार 18150 रु, करण कुमार 16500 रु., पलाश नायक 14850 रु., लव साहू 14850 रु., यशोदा 14850रु., सुरेश कुमार 14850 रु., अशोक कलिहारी 14850रु.शामिल है।

### प्रियदर्शनी परिसर में 9 आबंटित दायरे में

प्रियदर्शनी परिसर में 9 आबंटितों ने निगम को किराया व कर नहीं दिया। जिसमें के. रमेश 1434 रु., दिनेश जोशी 29397 रु., कृष्ण कुमार पांडे 10038 रु. , लक्ष्मी निषाद 15057रु., अफसार अहमद 26529 रु.,विरेन्द्र कुमार गुप्ता 13623रु., आनंद मिश्रा 50824रु., गौरी शंकर लाल 12906रु. , अब्दुल सहूर 56026 रु. शामिल है।

### नेहरू नगर में 11 दुकानदारों पर कार्रवाई

नेहरूनगर में 11 दुकानदारों पर आबंटन निरस्त करने की कार्रवाई होनी है। जिसमें अनुज पारिख 23661रु., दुर्गा प्रसाद 54492 रु., फूलबाई साहू 10038रु., मो. अमीर सिद्दकी 20793रु., खीरा सिन्धु बाग 50190रु., दीपक कुमार 32982रु., शिवकुमार 50190रु., शीला देवांगन 45170रु., प्रीती जैन 17925रु., सूरज महतो 75502रु., होलसिंग गोड़ 74501 रुपए शामिल है।

### राधिकानगर में 12 आबंटितों ने नहीं दिए किराया

राधिकानगर क्षेत्र के 12 आबंटितों ने निगम को किराया व कर नहीं दिए। जिसमें राहुल भौवसागर 22944रु., दीपक पारिख 18642रु.,डेरेश्वर बंजारे 25095 रु., नजमीन हुसैन 14340रु., निर्भय कुमार 18642रु., कमल कुमार महोबिया 17925रु., सुजाउद्दीन 34749रु., कौशल कुमार देवांगन 49473रु., सुभम साहू 46605रु., कुमारी करिश्मा कौर 48039रु.,उर्मिलाशर्मा 61962रु.,उषा देवी गोड़ 30114 रुपए शामिल है।

## अपराध

# केवाईसी के नाम पर 2.99 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

केवाईसी अपडेट करने के नाम पर महिला के खाते से लाखों रुपए पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 10 सड़क 16 क्वाटर 8 ए निवासी कविता दुबे के मोबाइल पर केवायसी अपडेट करने के लिये मैसेज आया। जिसमे बताया गया था कि केवायसी अपडेट नही है एकाउंट बंद हो जाएगा।

उक्त लिंक पर पीड़िता ना क्लीक करने पर एसबीआई जैसा ही वेबसाईट ओपन हो गया। उसमे नेट बैंकिंग का आईडी. पासवर्ड और ओटीपी मांगने पर सारी जानकारी पीड़िता ने अपडेट कर दिया। उसके खाते से अलग-अलग समय पर कुल 2 लाख 99 हजार 999 रुपये पार हो गए।

## दुर्घटना

# बाइक की ठोकर से वृद्धा की मौत, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दूध बेचने गई महिला को अज्ञात वाहन के ठोकर लगने से मौके पर मौत हो गई।

मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम देवादा निवासी नेतराम यादव ने शिकायत किया है कि रविवार को मां खेदिया बाई यादव दूध बेचने के लिए रोज की भांति घटना की शाम ग्राम देवादा में गई हुई थी।

इस दौरान फोन पर सूचना मिली कि अज्ञात वाहन बाइक की ठोकर से खेदिया बाई को गंभीर चोट आई है। जो सड़क पर गिरी पड़ी थी। तुरंत परिजन घटनास्थल पर पहुचे और उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौक हो गई। अज्ञात बाइक सवार की तलाश में पुलिस लगी हुई है।

## जिले में अब तक 28 कोविड पॉजिटिव

# 'कोरोना' मिले पांच नए मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जिले में कोरोना पैर पसारने लगा है। मंगलवार को 5 और नए मरीज मिले है। लगातार एंटीजन और आरटीपीसीआर टेस्ट करने के बाद कोरोना के मरीज बढ़ते जा रहे है। शहरी दुर्ग के अंतर्गत दो मरीज मिले है। जो सेंट्रल जेल व सुभाष नगर एरिया के पास रहते है। शहरी भिलाई के अंतर्गत दो मरीज मिले जो कैंप व खुर्सीपार क्षेत्र के है। रिसाली के अंतर्गत तालपुरी में एक मरीज कोरोना पॉजिटिव मिला है।

**मरीजों की संख्या 28**

इस सीजन में अब तक कोरोना के 28 मरीज मिल चुके है। जिनमें 19 होम आईसोलेशन में है और एक मरीज अस्पताल में भर्ती है। संबंधित क्षेत्रों में खंड चिकित्सा अधिकारी व शहरी कार्यक्रम प्रबंधक सहित कान्टेक्ट ट्रेसिंग किए जाने के लिए निर्देश दिए गए है।

**4 व्यक्ति हुए रिकवर**

स्वास्थ्य विभाग के रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना के 28 मरीजों में से 4 व्यक्ति रिकवर हुए है। इस तरह 20 एक्टिव केस जिले में है। कोरोना की टेस्टिंग जिला अस्पताल, सुपेला अस्पताल, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व दो मेडिकल कॉलेजों में हो रही है।

### मौसमी बीमारी से बढ़ रहा कोरोना

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक मौसमी बीमारी की वजह से कोरोना के मरीज बढ़ रहे है। सर्दी, खांसी और फ्लू की शिकायत लोगों को है। इनकी जांच में ही कोरोना मिल रहा है। उसके बावजूद भी लोग कोरोना को फैलने से रोकने मॉस्क व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर रहे है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंची राज्यसभा सांसद सरोज

# योजनाओं का लाभ लेने 1501 लोगों ने भरे फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर निगम भिलाई द्वारा श्रीराम चौक मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समाज के हर वर्ग तक शासन की जनकल्याणकारी योजना को पहुँचा कर उन्हे लाभान्वित करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, विश्वकर्मा योजना छोटे व्यापारियों के जीवन स्तर में सुधार लेकर आया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का यही उददेश्य है।



### किट वितरण हुआ

सरोज ने स्वनिधि योजना के लाभार्थी पवन कुमार गुप्ता, अशोक सिन्हा, शीला कवर, आर रमना को प्रमाण पत्र तथा उर्षा वर्मा, सविता देवी प्रजापति को गैस किट प्रदान किये। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से उर्षा चौधरी, भारती सोनी, सावित्री गिल, लक्ष्मी सिंह, दिप्ती देवांगन, गुंजा सिंह का गोदभराई करवा कर कुपोषित बच्चे इशिका साहू, अनरव सोनवानी को सुपोषण किट तथा स्वस्थ शिशु सृष्टि, नित्या, प्रियांशु, रोहित, रेयांशी को प्रमाणपत्र प्रदान किये। इसके पहले उन्होने उपस्थित लोगो को भारत को 2047 तक विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाये।

### 1501 लोगों ने भरे फार्म

निगम द्वारा चलाये जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के 12वां दिवस शिविर श्रीराम चौक एवं इण्डोर स्टेडियम शिवाजी नगर खुर्सीपार में आयोजित किया गया, जहाँ 6 हजार से अधिक लोग उपस्थित होकर 1501 ने योजनाओं के आवेदन फार्म भरें। पार्षद श्याम सुन्दर राव, पियुष मिश्रा, मुकेश अग्रवाल, जिला महामंत्री योगेन्द्र सिंह, पूर्व पार्षद भूषण अग्रवाल, जयशंकर चौधरी, जोगिन्दर शर्मा, रामबृज वर्मा, ईश्वर साहू, संजीत यादव, अनिल कुश्वाहा, एस.एन.सिंह, ईश्वर दुबे, सुरेन्द्र दुबे आदि मौजूद थे।

### स्कूटी लेकर स्कूल निकली किशोरी गायब

**भिलाई।** घर से स्कूटी में स्कूल जाने निकली किशोरी अचानक गायब हो गई है। परिजनों ने आसपास खोजबीन करने के बाद पुलिस में शिकायत किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड निवासी 17 वर्षीय किशोरी अचानक लापता हो गई है। वैशाली नगर स्थित स्कूल में किशोरी कक्षा 12 में पढ़ती है। सोमवार की सुबह घर से स्कूटी में निकली थी। काफी देर होने के बाद भी किशोरी घर नहीं लौटने पर परिजन परेशान होकर खोजबीन शुरु किया। स्कूल भी पता करने गए थे लेकिन परिजनों को किशोरी नहीं मिली। जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 363 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

# सीएम की चेतावनी के बाद कलेक्टर के तेवर, मिलर्स पर होगी कार्रवाई

## धान उठाव नहीं होने पर जिम्मेदार होंगे मिलर्स, एसडीएम को जांच के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों की बैठक लेने के बाद कडे लहजे में कहा है कि, ला एंड आर्डर बिगडने पर कलेक्टर व एसपी जिम्मेदार होगें। इसके बाद कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा जिला प्रशासन की बैठक ली गई। जिसमें उन्होने धान उठाव में ढिलाई बरतने पर सीधे मिलर्स पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए है।

उल्लेखनीय हैं कि, विगत दो दिनों से ड्राइवरों के हडताल पर चले जाने के कारण उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव नही हो पा रहा है। ऐसी स्थिति के बाद भी मिलर्स ट्रक चालक के रूप में दूसरा विकल्प तैयार नही कर रहे है। उठाव नही होने से सोसायटियो में जाम के हालात निर्मित हो गए है। इस संबंध में विगत दिनों डीएमओ भौमिक बघेल ने राज्य शासन को पत्र लिखकर आधा दर्जन सोसायटी में खरीदी बंद होने के हालात बताए थे। क्योकि उठाव के लिए डीओ राज्य से जारी किया जा रहा है।

### मिलर्स पर कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर किसानों से की जा रही धान खरीदी की समीक्षा की। कलेक्टर ने समितियों से धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। किसानों को धान बिक्री करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नही होनी चाहिए। मिलर्स द्वारा लगातार धान का उठाव होते रहना चाहिए। यदि धान उठाव नही किया जाता है तो ऐसे मिलर्स पर कार्यवाही करने को कहा। कलेक्टर ने राइस मिलों के पंजीयन की जानकारी लेते हुए धान के उठाव में और तेजी लाने के लिए लक्ष्य के अनुरूप मिलर्स को डीओ जारी करने एसडीएम और नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों का नियमित मॉनिटरिंग व सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए।





### सिर्फ पचास फीसदी उठाव

जानकारी अनुसार जिले में दो जनवरी तक 70121 किसानों से 34 लाख 86 हजार से क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। इसमें मिलरों को डीओ 30 लाख क्विंटल का जारी हो चुका है। जबकि उठाव सिर्फ 17 लाख क्विंटल यानि पचास फीसदी की गई है। जिसके चलते उपार्जन केन्द्रों में जाम के हालात है। इधर किसानों के पास सिर्फ इसी माह धान बेचने की अवधि है। अगर ऐसा ही हालात रहा तो खरीदी बंद हो सकती है।

---

**जवाब-तलब : राज्य शासन ने लगाई अप्रारंभ कार्यों पर रोक, मंगाई जानकारी**

# डीएमएफ के 5271 कार्य में 395 करोड़ आवंटित, 296 करोड़ खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

डीएफएफ फंड को लेकर भले ही राज्य में आई भाजपा की सरकार ने प्रशासकीय स्वीकृति नही हुए कार्यो पर रोक लगा दी है। लेकिन इससे पहले जिले में विगत सात से आठ सालों में डीएमएफ योजना के तहत 5271 कार्यो में 296 करोड रूपए खर्च किए गए है। राज्य शासन के आदेश आने के बाद प्रशासन द्वारा विभागों से प्रशासकीय स्वीकृति होने के बाद जो कार्य प्रारंभ नही हुए हैं, उसकी जानकारी मंगाई जा रही है।

जानकारी अनुसार अब तक जिले में उच्च प्राथमिकता में साठ और अन्य प्राथमिकता वाले इलाको में चालीस फीसदी फंड खर्च किए गए है। जिसमें पेयजल, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला बाल विकास, निशक्जन, कौशल विकास, स्वच्छता और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए 4144 कार्य स्वीकृत किए गए है। जिसमें समिति द्वारा 315 करोड 72 लाख रूपए आबंटित भी कर दिए गए है। दिए गए आंकडों की माने तो इसमें 232 करोड 34 लाख रूपए खर्च भी कर दिए गए है। इसी तरह अन्य प्राथमिकता के क्षेत्र में जहां चालीस फीसदी फंड खर्च किए गए है। इसमें भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, उर्जा एवं जल विभाजक प्रमोशन आफ यूथ एक्टिविटी के नाम पर 16 कार्य स्वीकृत कर 82 लाख रूपए आबंटित कर 68 लाख रूपए खर्च भी कर दिए गए है।

## अप्रारंभ कार्यों पर शासन ने लगाई रोक, बगैर अनुमति मंजूरी नहीं

### ढ़ाई सौ से अधिक कार्य निरस्त

जानकारी अनुसार जिला माइनिंग समिति द्वारा 2016-17 से 2023-24 नवंबर तक 5271 कार्य स्वीकृत किए गए है। इसके लिए 395 करोड 28 लाख आबंटित और 296 करोड 36 लाख रूपए खर्च किए गए है। जबकि इसमें 4289 कार्य ही पूर्ण हुए है। वही 724 कार्य प्रगतिरत है। जबकि 258 कार्य निरस्त किए जा चुके है।



### ज्यादा शिक्षा और कृषि में खर्च

जिला प्रशासन के आंकडे की माने तो सबसे ज्यादा शिक्षा में 67 करोड एक लाख रूपए खर्च हुए है। वही कृषि में 46 करोड 15 लाख रूपए खर्च हुए, स्वास्थ्य में 41 करोड 13 लाख, पेयजल में 28 करोड 37 लाख, महिला बाल विकास 26 करोड 79 लाख, निशक्तजन दो करोड 58 लाख, कौशल विकास में दस करोड छः लाख और स्वच्छता में तीन करोड बीस लाख रूपए के आलावा अन्य मद में राशि खर्च किए गए है।

### अप्रारंभ कार्य पर तत्काल रोक और समीक्षा

राज्य शासन द्वारा विगत दिनों समस्त कलेक्टर-सह-अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास को छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 के नियम-10. 11 एवं 12 (1) के जिला खनिज संस्थान न्यास, शासी परिषद द्वारा ऐसे कार्य जिन्हें प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, परन्तु कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, ऐसे अप्रारंभ कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है। शासी परिषद् द्वारा ऐसे अप्रारंभ कार्य की पुन समीक्षा की करने भी कहा गया है। तत्पश्चात अनुमोदन अनुसार ही अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाने के निर्देश दिए गए है। इसके आलावा शासन ने सभी कार्यो की समीक्षा कराने के निर्देश दिए जाने से हडकंप निर्मित है।

### जानकारी मंगाई

डीएमएफ से संबंधित कार्यो को लेकर सभी विभागों से अप्रारंभ कार्यो की सूची मंगाई गई है। जल्द ही जानकारी आ जाएगी।

**-जागेश्वर कौशल,** नोडल अधिकारी, डीएमएफ दुर्ग

---

# मानव सेवा से जनसमर्पण ने की नए साल की शुरूआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा 31 दिसम्बर एवं 1 जनवरी को नये साल एवं संस्था के 8 वे वर्ष के प्रवेश का पूरे जिले में मानव सेवा, दिव्यांग सेवा, गौ सेवा करके नए साल का स्वागत किया गया। साल 2024 के प्रथम दिवस 1 जनवरी को सुबह से लेकर रात तक मानव सेवा, गौ सेवा किया गया। जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि, 7 साल पूर्व 1 जनवरी 2017 से अनवरत (प्रतिदिन) गरीब, असहाय, अनाथ, एवं विकलांग जनों को निःशुल्क भोजन वितरण कर रही है, जिसमे प्रतिदिन लगभग 100 से 150 लोगो को दुर्ग रेल्वे स्टेशन में रात्रि 8 बजे भोजन कराया जाता आ रहा हैं। शहर में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोये, एक मात्र यही उदेश्य को लेकर विगत 7 सालों से जन समर्पण सेवा संस्था कार्य कर रही है। इस सेवा कार्य में राहुल शर्मा, शिशुप्रताप शुक्ला, अर्जित शुक्ला, प्रकाश कश्यप, आशीष मेश्राम, सुजल शर्मा, ईशान शर्मा, रुपल गुप्ता, राजेन्द्र ताम्रकार, संजय सेन, दद्दू ढीमर, शुभम सेन, मृदुल गुप्ता, अख्तर खान, हरीश ढीमर, रिषी गुप्ता, मोहित पुरोहित, शब्बू पाकीजा, शिबू मिर्जा, बिट्टू कुरैशी, आदित्य नारंग, शब्बीर पाकीज़ा, समीर खान, इश्शू खान, लक्की अग्रवाल, शिबू खान, कृतज्ञ शर्मा, वेदांत शर्मा, वाशु शर्मा, एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे एवं अन्य सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक गण उपस्थित रहे।

■ 7 वर्षो से बिना रुके जारी है मानव एवं गौ सेवा..

---

# महोत्सव में भजनों एवं गीतों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिवनाथ महोत्सव के चौथे वर्ष में छत्तीसगढ़ मंच के गायक कलाकारों ने शिव भजन एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं दिनेश जैन ने बताया कि, शिवनाथ महोत्सव में शिव भजन एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति को शहरवासियों एवम संगीत प्रेमियों ने काफी सराहा। सभी गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन एवं गीतों के माध्यम से लोगों से खूब वाहवाही बटोरी। मंच के संरक्षक तुलसी सोनी ने कार्यक्रम का बेहतरीन एवं सफल संचालन किया। मंच के पूर्वा श्रीवास्तव जानती रमैया, जयंती सिंह, श्रीजा दलाल, कार्तिका तिवारी, रमन सिंह, मोहन चौहान, हरीश सोनी, यूनुस चौहान, त्रिलोक सोनी, गुलाब चौहान, प्रकाश सेठ, प्रणव सोनी के अलावा विशेष सहयोगी साई म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर हाजी मिर्जा साजिद बेग, अनिल गुप्ता ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पत्रकार के वेणुगोपाल, सुनील शर्मा, पूनम चंद पुरोहित, राधा श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, तान्या तिवारी, कमलेश राजपूत, संतोष साहू, राजेश जैन सराफ, जाहिद अली, मतीन भाई, मोहम्मद शमी, लकी पुरोहित सहित उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन शिवनाथ महोत्सव के आयोजक वरुण जोशी ने किया।

■ शिवनाथ महोत्सव में कलाकारों ने दी प्रस्तुति



### जूडो महिला टीम के खिलाड़ी आल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वॉलीफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालयए दुर्ग की कानपुर विश्वविद्यालय में 31 दिसंबर 2023 से 2 जनवरी 2024 तक आयोजित उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। ऑल इंडिया जूडो महिला प्रतियोगिता में टॉप 16 रेंक के खिलाड़ी शामिल होंगे। जिसमें हेमचंद यादव विवि की दिव्या कुमारी 63 किग्रा वजन ग्रुप में 10 वे रेंक, दीपिका साहू 48 किग्रा वजन ग्रुप में 7 वें, तनु रानी साहू 52 किग्रा वजन ग्रुप में 8 वें एवं स्नेहा न्योगी 78 किग्रा वजन ग्रुप में 6 वे रेंक हासिल किये। ये 04 खिलाड़ी फरवरी 2024 में आयोजित आल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ी के जीत पर कुलपति डॉ अरूणा पल्टा व कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं विवि परिवार ने शुभकामनाए दी है।

### चैम्प्स प्रणाली का संचालन पूर्व की भांति करने की मांग

दुर्ग। जिला भाजपा किसान मोर्चा विनायक ताम्रकार की अगुवाई में विगत दिनों किसानों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होने गुजरात ग्रीन रिवोल्यूशन कम्पनी के सहयोग से गुजरात पैटर्न सूचना प्रौद्योगिकी आधारित छत्तीसगढ़ एग्रीकल्वर-मेकेनाइजेशन एण्ड माइक्रो ईरीगेशन प्रोसेस सिस्टम तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के द्वारा प्रारंभ किया गया था। जिसके माध्यम से छ.ग. के कृषकों को अनुदान पर शक्ति चलित कृषि यंत्रों, सिंचाई पंपों एवं सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (ड्रिप / स्प्रिंकलर) उपलब्ध कराया जाता रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के पत्रक F-84880, 14 दिसंबर 2022 के माध्यम से गुजरात में लागू व्यवस्था देश के अन्य राज्यों में भी लागू किए जाना उल्लेखित है। छ.ग. में संचालित चैम्प्स प्रणाली भी गुजरात पैटर्न पर आधारित है एवं इसका रख-रखाव / संधारण भी गुजरात द्वारा ही किया जा रहा है। परंतु वर्तमान में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गुजरात आधारित इस व्यवस्था को 31.12.2023 को समाप्त करते हुए नई व्यवस्था चैम्प्स-2 लागू किए जाने के निर्देश प्रसारित किए जा चुके है। जिसे निरस्त करने कहा है।

# पार्श्व प्रभु जन्म दीक्षा कल्याणक महोत्सव 5 से 7 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

तपोभूमि श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में श्री पार्श्व प्रभु जन्म-दीक्षा कल्याणक महोत्सव (पोष दशमी मेला) का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ का जन्म वाराणसी नगरी में पोष बदी दशमी तिथि को एवं दीक्षा पोषबद ग्यारह तिथि को हुआ था, इस तिथि को श्री पार्श्वनाथ का जन्म-दीक्षा कल्याणक महोत्सव अट्ठम तप (त्रिदिवसीय उपवास) आराधना किया जाता है। इस अवसर पर श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ में अट्ठम तप आराधना हेतु देशभर के श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। यह उत्सव 5 से 7 जनवरी तक मनाया जाएगा जिसकी तैयारी प्रारम्भ है। महोत्सव में पूज्य आचार्य सुयश सूरीश्वर, मनोहर शिशु, साध्वी सुभद्रा, नवकार जपेश्वरी साध्वी शुभंकरा तथा आचार्य सिद्धि सूरी की समुदायवर्ती विदूषी साध्वी दक्षगुणा आदि गुरूभगवंतों की सान्निध्यता होगी।

■ पार्श्वतीर्थ नगपुरा में की जा रही तैयारी



महोत्सव के प्रथम दिन 5 जनवरी को पीपरछेड़ी घाट शिवनाथ नदी तट पर ट्रस्टी मूलचंद जैन दुर्ग के नेतृत्व में भव्य स्नात्र महोत्सव, तत्पश्चात प्रज्ञापीठ रसमड़ा गोवर्धन साहू के नेतृत्व में 108 नदियों की जल का कलश यात्रा प्रारम्भ होगा। इसी पवित्र जल से तीनों दिवस पूजा, महाभिषेक सम्पन्न होगा। इस दिन दोपहर 12 बजे श्रीचंद, पारसचंद चोपड़ा, ट्रस्टी विजय चोपड़ा परिवार रायपुर द्वारा अट्ठारह अभिषेक महापूजन की संरचना होगी।

द्वितीय दिवस 6 जनवरी को जन्म कल्याणक मनाया जावेगा। इस दिन प्रातः मेरूपर्वत पर जन्माभिषेक, पूज्यवरों का प्रवचन चौदह सपनों का अवतरण का कार्यक्रम है। दोपहर श्राविका उगमदेवी मांगीलाल पगारिया, दुर्गादेवी पगारिया, तीर्थ अध्यक्ष गजराज पगारिया रायपुर द्वारा भव्य श्री 108 पार्श्वनाथ महापूजन सम्पन्न होगा। रात्रि 8 बजे से विशाल भक्ति संध्या होगी, रात्रि में महाराजा कुमारपाल के साथ स्वद्रव्य से भव्य जन्मकल्याणक महाआरती होगी।

महोत्सव के तृतीय दिवस 7 जनवरी को तिलोकचंद गोलछा, ट्रस्टी राजेन्द्र गोलछा राजनांदगांव के नेतृत्व में प्रातः दीक्षा कल्याणक वरघोड़ा और दोपहर में अमरस्वरूप मेहता परिवार ट्रस्टी मनीष मेहता नागपुर के संयोजन में श्री सिद्धचक्र महापूजन का अनुष्ठान होगा।

---

**वार्षिक प्रतिवेदन व आडिट नोट सर्वसम्मति से अनुमोदित**

# 33 साल में नागरिक बैंक के सदस्य हुए दोगुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, दुर्ग की 35 वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक विगत दिनों विद्यापीठ कॉलेज, मालवीय नगर दुर्ग में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी केए एलेक्सेण्डर द्वारा किया गया तथा बैठक की अध्यक्षता बैंक के प्राधिकृत अधिकारी मुकेश कुमार ध्रुव, संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएँ दुर्ग संभाग-दुर्ग द्वारा किया गया।

■ बैंक की 35वीं वार्षिक साधारण सभा आयोजित

अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित सभासदो का आगामी नववर्ष की बधाई देते हुये कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में हो रहे लगातार परिवर्तन तथा विषम परिस्थितियों में भी बैंक अपने समस्त दायित्वों के निर्वहन करने में सफल रहा है तथा बैंक की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए सभी प्रतिनिधि सदस्यों से सहयोग की कामना की। सभा में वर्ष 2022-23 के वार्षिक प्रतिवेदन एवं आडिट नोट सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैंक के स्थापना वर्ष 1990 के समय 2584 सदस्य संख्या, अंश पूंजी 4.67 लाख एवं अमानतें 6.71 लाख थी जो कि 31.03.2023 में सदस्य संख्या 5726, अंश पूंजी 121.52 लाख, अमानतें 3040.32 लाख एवं वितरित ऋण 1290.84 लाख हो गई है। प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति में भी बैंक द्वारा वर्ष 2022-23 में 14.43 लाख रूपये का लाभ कमाया गया। वर्ष 2022-23 के शुद्ध लाभ के विभाजन तथा स्वीकृत बजट से अधिक व्ययों की स्वीकृति एवं वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित बजट का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। गत वर्ष की की भांति वर्ष 2022-23 के लिए भी सर्वसम्मति से 10 प्रतिशत लाभांश स्वीकृति किया गया। बैठक में प्रत्यायुक्त सदस्य कमल नारायण रूंगटा, मनोज कुमार ताम्रकार, संजय सिंह, सतीश चंद जैन, अनिल ताम्रकार, पद्मिनी ताम्रकार, यनेन्द्र कुमार साहू, सुदर्शन सिंह महलवार, चित्रा सेन आदि उपस्थित हुए।



### बनाए गए डेढ सौ नए सदस्य

तत्पश्चात वर्ष 2024-25 हेतु कार्य योजना का निर्धारण किया गया जिसके अनुसार 150 नये सदस्य बनाने, अंशपूजी 3.00 लाख बढ़ाने एवं अमानतों तथा ऋणों में 3-3 करोड़ की वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में उपस्थित प्रत्यायुक्त सदस्यों से प्राप्त सुझावों पर विचार-

### डिजिटल सेवाओं की दी जानकारी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अपने अभिभाषण में बैंक को प्रदान किये गये सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु सभी प्रतिनिधि सदस्यों तथा समस्त अंशधारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तद्उपरान्त उन्होनें गत प्रारंभ किये गये दो नई सुविधाओं प्रथम **Mobile Banlg Application** सेवा जिससे बैंक का डिजिटल सेवायें के क्षेत्र में प्रदर्पण हुआ तथा द्वितीय **Personalized Cheque Book** की सुविधा के संबंध में जानकारी प्रदान की।

# अस्पताल में हो शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने बैठक में कहा कि, कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी अस्पतालों में आवश्यक तैयारियों और संसाधन बनाए रखने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि आवश्यक दवाईयां और स्वास्थ्य केन्द्रों में एक वार्ड चिन्हांकित कर आरक्षित रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं और प्रसुति माताओं की जानकारी लेते हुए कहा कि शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने आवश्यक कार्यक्रम चलाए। उन्होंने संस्थागत प्रसव एवं एएनसी रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं के पंजीयन को बढ़ाने और स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में सुरक्षित प्रसव कराने को कहा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध संस्थागत प्रसव सुविधा का व्यापक प्रचार प्रसार कर अधिक गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से आयुष्मान कार्ड का बनना बहुत जरूरी है। सभी इस कार्य को प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें।

■ स्वास्थ्य केंद्रों में एक वार्ड सुरक्षित रखने के निर्देश

---

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह 14 से 20 फरवरी तक

दुर्ग। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिले में 14 से 20 फरवरी तक सामूहिक विवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास द्वारा पूरे विधि-विधान इसका आयोजन किया जाएगा। 25 जनवरी तक इसके लिए पंजीयन किया जाएगा। योजना अंतर्गत प्रति जोड़े पर 50 हजार रूपए खर्च का प्रावधान है। इसमें 21 हजार रूपए नगद, 21 हजार की भेंट सामग्री और शेष आयोजन पर व्यय किया जाएगा। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्र और परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 1 जुनवानी कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। वर के लिए 21 वर्ष तथा वधु के लिए 18 वर्ष की आयु और अविवाहित होना जरूरी है। योजना के लिए राशनकार्डधारी परिवार की बालिकाएं पात्र होंगी। छत्तीसगढ़ का निवास प्रमाण पत्र अथवा पार्षद द्वारा सत्यापित निवास प्रमाण पत्र होना जरूरी है। एक पालक की दो बालिकाएं ही योजना के लिए पात्र होगी।

### सेवानिवृत्त अधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई



दुर्ग। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में दुर्ग में पदस्थ पीएचई विभाग के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता एफसी बोरकर को अधिकारियों ने भावभीनी बिदाई दी। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने सेवानिवृत्त श्री बोरकर को अधिकारियों की तरफ से पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंट किया। उन्होंने सेवा अवधि के दौरान श्री बोरकर की व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। श्री बोरकर ने बताया कि अविभाजित मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में 41 वर्षों तक सेवा देने के उपरांत वे सेवानिवृत्त हुए है। इस अवधि में समस्त अधिकारियों की सहयोग के लिए उन्होंने सभी का आभार माना।

### विधायक ने छग प्रभारी को दी जन्मदिन की बधाई



दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी व छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ओम माथुर को जन्मदिन पर उनके निवास पहुँचकर दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने जन्मदिन की बधाई एवम् शुभकामनाएँ दी।

### सीमांकन की जानकारी वेबसाइट में अपलोड

दुर्ग। जिले के समस्त राजस्व निरीक्षक मण्डलवार प्राप्त लंबित सीमांकन की आगामी तिथि की जानकारी 1 जनवरी 2024 की स्थिति में पक्षकारों को अवगत कराने की दृष्टि से जिले की वेबसाईट में अपलोड कर दी गई है। संयुक्त कलेक्टर दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार सीमांकन के संबंध में किसी भी पक्षकार को किसी प्रकार भी प्रकार की आपत्ति हो तो सीमांकन स्थल पर अथवा संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। आकस्मिकध्विशेष परिस्थिति में सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। इस संबंध में संबंधित राजस्व निरीक्षकध्न्यायालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। राज्य सभा सांसद ने भारत की पहली महिला शिक्षिका

### सावित्री बाई फुले को श्रद्धांजली अर्पित

दुर्ग। राज्य सभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय ने भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर उन्हें याद कर नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होनें कहा वे आधुनिक नारीवादी और समाज सुधारक थी। 1831 में जन्मी सावित्रीबाई फुले को देश में महिलाओं की शिक्षा को सुविधाजनक बनाने, विभिन्न लिंग और जाति के लोगों के भेदभाव को खत्म करने जैसे अनेक कार्यों के लिए जाना जाता है । उनका जीवन महिलाओं की सशक्तिकरण और महिलाओं को शिक्षित करने के लिए समर्पित थी ।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन 8 से

**भिलाई।** सम्प्रति सेवा समिति भिलाई के तत्वावधान में 8 से 15 जनवरी तक संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन श्रीराम भद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 में कथावाचक आचार्य संदीप तिवारी द्वारा किया जाएगा। आचार्य श्री तिवारी ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 8 जनवरी को दोपहर 1 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों से होकर गुजरेगी। दूसरे दिन 9 से 15 जनवरी तक दोपहर 3 बजे से प्रतिदिन कथा, आरती व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में अपने दिवंगतों व पितृ जनों के निमित्त भी भागवत कथा संपन्न कराई जाएगी। जिसकी जानकारी रामभद्र सेवामंडल सेक्टर 2 मंदिर में जा कर ले सकते है।

### मोंहदीपाट में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**अंडा।** ग्राम मोंहदीपाट में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 3 से 11 जनवरी तक



कथा वाचक संत निरंजन महाराज द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाली कथा के प्रथम दिवस श्री भागवत स्थापना पूजा, श्री गोकर्ण कथा की जाएगी। दूसरे दिन मंगलाचरण, धर्म पृथ्वी संवाद कलियुग को दंड, परीद्दिक्ष को शाप, श्री सुकदेव का घर आगमन, शुक्रवार को सृष्टि वर्णन विदुर कथा, वाराह अवतार, सती चरित्र, शिव विवाह की कथा बताई जाएगी। यह जानकारी लखन लाल देवांगन और सरपंच सुशीला देवांगन ने दी।

## निधन

### नवल किशोर प्रसाद

**भिलाई।** प्रगतिनगर भिलाई निवासी नवल किशोर प्रसाद उम्र



70 वर्ष का निधन 1 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे रिसाली मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### कृष्णा मलिक

**भिलाई।** एचआईजी-1, पद्मनाभपुर, दुर्ग निवासी कृष्णा



मलिक उम्र 81 वर्ष का निधन 2 जनवरी को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 4 जनवरी को उनके निवास स्थान से निकाली जाएगी। वे राज मलिक की पत्नी व रेनू वर्मा, दीपा अलड्रीन की मां थीं।

# अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश, निमंत्रण पत्र देकर किया आमंत्रित

**22 जनवरी को सभी मंदिरों में दिपावली जैसी तैयारी करने सभी से की अपील**

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिलाई





अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने क्षेत्र के सभी गली मौहल्लों के मंदिरों में होने वाले आयोजन में शामिल होने निमंत्रण देने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को रामनगर शकुंतला विद्यालय के पास स्थित श्री हनुमान गढ़ी मंदिर व शिव मंदिर में अक्षत कलश का क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में भव्य स्वागत कर विशेष पूजा अर्चना मंदिर के पुजारी पं राघवेंद्र पांडे व मुरलीधर गुल्हाने, मंदाकामिनीकर सहित अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। इस दौरान महिला मंडली ने अक्षत कलश की पूजा अर्चना कर हनुमान जी की आरती की। उसके बाद जय श्री राम के उद्घोष के साथ मंदिर के आस-पास के घरों पर जाकर 22 जनवरी को मंदिर के आयोजन में शामिल होने अक्षत व निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया।

मंडल संयोजक मुरलीधर गुल्हाने ने बताया कि अयोध्या से आए हुए अक्षत को 1 जनवरी से 15 जनवरी तक क्षेत्र के समस्त घरों तक निमंत्रण स्वरुप पहुंचाया जाना है। जिसके लिए रामनगर की रामायण मंडली, भजन मंडली व महिलाओं का सहयोग लिया जा रहा है। मुरलीधर ने यह भी बताया कि आगामी 22 जनवरी को रामनगर के सभी मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ दीपावली जैसा जश्न मनाया जायेगा। इस दौरान मुख्य रुप से स्वच्छ भारत अभियान वैशाली नगर मंडल संयोजक मुरलीधर गुल्हाने, पं राघवेन्द्र पांडे, मंदा कामिनीकर, नरेश कुमार मंडल, शैलेंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र दुबे, राकेश शर्मा, शिवमंदिर से रुपरेखा साहू, सुजाता, रश्मि, स्वाति, अंजू खैरालकर, सरिता भारती, सुमित्रा देवांगन, रीना गुप्ता, एन रुपा, पुष्पा कश्यप सहित अन्य जन उपस्थित उपस्थित थे।

## योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रयास करे रहे जनप्रतिनिधि

# संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को मिल रही है सरकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ पाटन/सेलूद

**सरकार द्वारा किसान समृद्धि, बालिका शिक्षा सहित कई**



विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। इसी तारतम्य में पाटन विकासखण्ड के ग्राम अचानकपुर एवं ढौर में संकल्प विकसित भारत यात्रा पहुंची।

रथ के पहुंचने पर पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चन्द्राकर, भाजपा उत्तर पाटन मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, खेमलाल साहू मध्य मंडल अध्यक्ष बतौर अतिथि उपस्थित थे। हर्षा चंद्राकर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आपके द्वार में आकर आपको योजनाओं की जानकारी मिल रही है कि नही उसकी जानकारी ले रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले महिलाओं के मान सम्मान में शौचालय निर्माण करवाया। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसान की समृद्धि, बालिका शिक्षा सहित कई जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ लोगो को मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में बताया कि अचानकपुर का नाम लिस्ट से गायब हो चुका था लेकिन हर कच्चा मकान एक दिन पक्का मकान बनेगा आप सब धैर्य रखें ये प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। उनके द्वारा जैविक खेती पर जोर दिया ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ रहे। पुलिस विभाग को मंच के माध्यम से कहा कि पिछले पांच सालों में गांव-गांव में अवैध शराब बिक रही थी, अब किसी भी गांव में अवैध शराब की बिक्री ना हो, इसकी निगरानी करने की जवाबदारी आपकी है।

ग्रामीणों को भारत सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा 5 साल तक छत्तीसगढ़ की जनता को केंद्र के मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ नही मिल रहा था। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा के विष्णु देव सरकार में केंद्र की सभी योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ मिलेगा।

खेमलाल साहू ने सभी कर्मचारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि सभी योजनाओं को लाभ दिलाएं। जनता के बीच शासन के प्रति अविश्वास नही फैलना चाहिए। उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने शपथ दिलाया।

इस अवसर पर जैविक खेती, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन योजना, जीवन ज्योति योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विभागीय कर्मचारियों द्वारा जानकारी दिया गया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, दुलारी यादव सरपंच ढौर, किशन हिरवानी, नेहा शर्मा, राजकुमार मिश्रा, श्यामलाल साहू, विनोद साहू, अनिल शर्मा, भानु साहू, युवराज साहू, रोशनी मिश्रा, कृष्णा साहू, खिलेन्द्री निर्मल, चंपा साहू, खेमलता साहू, ऋषि साहू, चंपा निर्मल, विनोद साहू, नरेंद्र हिरवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

# जैतखंभ व गुरु गद्दी की पूजा कर मनाई घासीदास जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏩ पाटन

स्थानीय सतनामी समाज ग्राम डिडगा एवं रेंगाकठेरा द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, कमलेश नेताम कोषाध्यक्ष, रमन टिकरिहा सभापति जप, राजेंद्र बघेल समाजसेवी, चंद्रशेखर वर्मा सरपंच, ममता ठाकुर सरपंच, यशवंत वर्मा उपसरपंच, विष्णु वर्मा ने जैतखंभ एवं गुरु गद्दी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि शांति की कामना की। दोनों ग्रामों में पंथी नृत्य की प्रस्तुति एवं रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर दयालु बांधे, दीनदयाल बांधे, बोधन, गोपी, भारत चतुर्वेदी, राजकुमार, गणेश, कृष्णा भारती, पवन, मंगलू, कार्तिक गायकवाड, ईश्वर भारती, मनहरण, संतोष, मानसिंह, सावित्री चतुर्वेदी, रमेश, गोपी भारती, राजेंद्र बंजारे, गोपाल वर्मा, मुकेश वर्मा, निखिल साहू, बाबा चंद्राकर, राजू ठाकुर, कृपाल बंजारे, श्रीराम चेलक, श्रवण वर्मा, संजय कुर्रे, बलराम बांधे, फगुवा चतुर्वेदी, कृष्णा गायकवाड, मोहन लाल, बिरेंद्र, प्रमोद, उदयराम, तामेश्वर, रजऊ, घासीराम, दशरथ जोशी, नरेंद्र यादव, राजेंद्र बृज्या, गिरधारी बांधे, रवि बांधे सतनामी समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

■ डिडगा एवं रेंगाकठेरा में मनाई घासीदास जयंती

# बच्चों को किया स्वेटर वितरित



उतई। शासकीय प्राथमिक शाला घुघसीडीह में दाऊ जगतपाल चंद्राकर, मंटोरा चंद्राकर की स्मृति में 78 स्कूली बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ननि दुर्ग के पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर थी। अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रत्नेश चंद्राकर ने की। उतई भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, पूर्व सरपंच प्रहलाद चंद्राकर, समाजसेवी तेजराम साहू, डॉ राजाराम चंद्राकर, पवन चंद्राकर विशेष अतिथि थे। स्वागत भाषण में पूर्व सरपंच प्रहलाद चंद्राकर ने कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व महापौर चनद्रिका चंद्राकर ने कहा कि सेवा करना परम धर्म के सामान है। उनका परिवार शुरू से समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करते आ रहे हैं। बच्चों की सोच के अनुरूप ही 78 बच्चों को स्वेटर प्रदान किया गया है। आगे भी बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान की जाएगी। अध्यक्षीय उद्बोधन में रत्नेश चंद्राकर ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। पश्चात सभी 78 बच्चों को स्वेटर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राजेश बंजारे, ललिता देशमुख, उषा जोशी, मोहनी निर्मलकर, सरस्वती कोठारी सहित बच्चे मौजूद थे।

# बुजुर्गों का सरकार बनाने में बहुत बड़ा योगदानः सांसद विजय



हरिभूमि न्यूज ⏩ भिलाई

वरिष्ठ नागरिक महासंघ का 9 वॉ स्थापना दिवस समारोह होटल अमित पार्क नगर पालिका निगम भिलाई के पूर्व सुपेला में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल रहे। साथ ही कार्यक्रम अध्यक्षता रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर विधानसभा, विशिष्ट अतिथि तुलसी साहू वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज सेविका भिलाई, विजय साहू पूर्व सदस्य उर्जा विकास निगम छग शासन, सुभाष साव संचालक होटल ग्रुप एवं समाज सेवी भिलाई कन्हैयालाल सोनी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सांसद विजय ने कहा कि वरिष्ठ नगारिक संघ के 10 वें वर्ष में हम प्रवेश कर रहे हैं। इसके साथ वरिष्ठ सुभाष के जन्म दिवस पर बधाई एवं दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं। आज की पीढ़ी के कुछ दुर्भाग्य साली व्यक्ति होते हैं जो अपने माता-पिता को छोड़ देते हैं। आने वाली अगर दूसरी दृष्टि से सोचे तो जिस जगह पर वो है कल मुझे भी उस जगह पर होना है। आप वरिष्ठ हो जीवन के अनुभव की ख़ान हो कोई डाक्टर हो कोई इंजिनियर है अगर हमारी प्रदेश में सरकार बनी है तो आप बुजुर्गों के वजह से बनी है , सरकार बनाने में बहुत बड़ा योगदान है। 22 जनवरी का हम सभी को बेसब्री से इंतजार है जब हमारे स्वतंत्रता दिवस मनायेंगे विश्व सीखर पर हमारा देश होगा। इस अवसर पर पुरुषोत्तम साहू अध्यक्ष अर्चना मुले, बलबीर सिंह , सहगल गगानंद साहू, जेआर साहू, एमएल कश्यप, एचके बिसेन, हुकुमचंद देवांगन, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, प्रवीण पाण्डेय, शारदा गुप्ता, निशु पाण्डेय, गुरुनाम सिंह, अमिताभ भ्रटाचार्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

■ वरिष्ठ नागरिक स्थापना दिवस कार्यक्रम में पहुंचे : बघेल

# णमोकार महामंत्र व विश्व शांति महायज्ञ हुआ संपन्न



**भिलाई।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन महासभा सेक्टर 6 भिलाई में णमोकार महामंत्र सवा लाख जाप मंत्र अनुष्ठान णमोकार महामंत्र विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ 29 दिसंबर से 1 जनवरी 2024 तक पावन मंगल गणिनी सौभाग्यमति माता ससंघ विधानाचार्य पूज्य माता ससंघ के चरण स्पर्श कर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने आशीर्वाद लिया। उन्होने कहा कि 17 वर्ष की उम्र में घर को त्याग कर दिया 26 वर्ष की उम्र में माता को उन्हें उपाधि प्राप्त हुई। माता ने जैन धर्म को पूरे देश में घूम-घूम कर जैन धर्म का संदेश दिया। समाज सेवा के उत्थान के लिए किये गये कार्य के लिए मिनीस्ट्री आफ़ कार्पोरेट अफेयर्स भारत सरकार द्वारा का भारत गौरव रत्न प्रदान किया गया। विजय बघेल ने कहा कि इस पवित्र आत्मा का आगमन ईश्वर के रूप में हुआ । इस अवसर पर पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष प्रशांत जैन, जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन, सोमेश बाकलीवाल, जितेन्द्र जैन, साकेत जैन, सिंपी जैन, संजीव जैन एवं बड़ी संख्या में जैन समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

SONALIKA
LEADING AGRI EVOLUTION
AGRO SOLUTIONS
CHALLENGER HEAVY DUTY
ROTARY TILLER
■ Challenger rotary tiller offers best in class pulverization and hence optimum seed germination.
■ Best in class pulverization & hence optimum Seed germination.
■ Ensures excellent cutting and mixing of crop residue.
Bigger & Strong (8 Module 13x23) CROWN & PINION
Big Size Bearings
More Stronger (55 mm Big Dia) TRANSMISSION SHAFT
WORLD'S NO. 1 HEAVY DUTY RANGE
Authorised Dealer
KAMLA MOTORS G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.) 90398-79080, 94255-50265

## बिजनेस साइट

### रूंगटा आर-1 के इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में भिलाई पहुंचेंगे अमरीकी वैज्ञानिक



**भिलाई।** विश्व स्तर पर तकनीक के नए पहलुओं से प्रदेश के तकनीकी स्टूडेंट्स और फैकल्टी को जागरुक करने के लिए अमरीका के वैज्ञानिक भिलाई आएंगे। संतोष रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज रूंगटा आर-1 में 5 और 6 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शास्त्रार्थ होने जा रहा है। इसमें दुनिया के प्रसिद्ध वैज्ञानिक हजारों स्टूडेंट्स और शोधार्थियों से जुड़ेंगे। इस कॉन्फ्रेंस के लिए देशभर से 485 शोधार्थी शोधपत्र पढ़ेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनआईटी सूरत के डायरेक्टर डॉ. अनुपम शुक्ला होंगे। इनके अलावा अमरीकी कंपनी में बतौर सीजन मैनेजर कार्यरत डॉ. बृज सिंह, अमरीका के क्लीनिकल प्रोफेसर डॉ. संजय एस गौर, आईआईटी मुंबई के प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र सिंह, एमएनएनआईटी प्रयागराज के डॉ. रविप्रकाश तिवारी और आईईआई भिलाई चैप्टर के चेयरमेन पुनीत चौबे एक्सपर्ट के तौर पर छात्रों और शोधार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। आरसीईटी के प्राचार्य डॉ. राकेश हिमते ने बताया कि शास्त्रार्थ में प्रसिद्ध वैज्ञानिक हमारे स्टूडेंट्स और फैकल्टी के साथ ग्लोबल टेक्नोलॉजी और रिसर्च पर चर्चा करेंगे। शोध कार्य में जुटे शोधार्थियों के लिए यह बड़ा एक्सपोजर होगा। प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के सामने अपने पेपर प्रजेंट करने का मौका दिया जाएगा।

### सोरियासिस रोग का इलाज आयुर्वेद रसायन से हीः डॉ. अग्रवाल



**भिलाई।** सोरियासिस रोग लाइलाज एक जटिल रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं, इस रोग को किसी साधारण गोली दवा, इलाज से दबाने की गलती भूलकर भी नहीं करें, वरना आगे चलकर रोग गंभीर हो सकता है। डॉ. एचसी अग्रवाल बताते हैं कि वात, पित, कफ तीनों की विकृति त्रिदोषज अर्थात इम्यून डिसआर्डर रोग है। इससे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते इसलिए यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर में रूसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले दाग, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ों में सूजन, दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है, इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया इत्यादि से ठीक नही होता दब जाता है यह केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही संभव है। सभी चमड़ी एवं रोगों के स्थायी इलाज के लिए गुरूद्वारा, स्टेशन रोड स्वरूप टाकीज के सामने, ब्राईट फर्नीचर के पीछे दुर्ग स्थित क्लीनिक में डॉ. अग्रवाल से दोपहर 3 से रात्रि 7:30 बजे तक मरीज मिल सकते हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

**उदघोषणा**

रा.प्र.क./202312100400285/अ-6-अ/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी रा. महोदय के रा.प्र. कमांक :- 202312100400285/अ-6-अ/वर्ष 2023-24 आवेदिका योगेश्वरी साहू ध.प. देवतीर्थ साहू निवासी सेक्टर-8 भिलाई तह. व जिला दुर्ग मौजा उतई स्थित भूमि खसरा नंबर 6/1, 8/1 रकबा 0.14, 0.41 हे. जो कि आवेदिका की क्रयशुदा आवेदिका के नाम पर दर्ज है किंतु उक्त भूमि का चालू नक्शा शीट एवं ऑनलाईन नक्शा में भिन्नता है नक्शा अनुसार स्वयं किसी अन्य के नाम की भूमि के नक्शा में काबिज है व उनके नाम के खसरा के नक्शा में स्वयं को काबिज होने का अर्थात एक दूसरे के नाम के भूमि के नक्शा में काबिज होने का लेख करते हुए मौका कब्जा अनुसार भूमि का नक्शा सुधार किये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्राप्त। अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.12.2023 को यह उदघोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दुर्ग

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: ... मो. 9406004581
बिलासपुर: ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### रविदास समाज संघ की हुई बैठक

**भिलाई।** संत गुरु रविदास समाज संघ की बैठक रविवार को शिवाजी नगर, खुर्सीपार समाजिक भवन में बहादुर जैसकरा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें रविदास जयंती मनाने के लिए 25 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे से तय किया गया। समाज को और मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने के विषय में चर्चा की गई।

### डायरेक्टर इंचार्ज का किया स्वागत



**भिलाई।** श्रमिक नेताओं ने भिलाई स्टील प्लांट डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दास गुप्ता को नववर्ष 2024 के अवसरपर गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। भिलाई स्टील प्लांट एशिया का सबसे बड़ा प्लांट है। इस अवसर पर श्रमिक नेता प्रशांत कुमार, प्रशांत कुमार क्षीरसागर, आरडी कोरी, संतोष पाराशर, डॉ. पन्नालाल मेरिसा, कोमल प्रसाद, कन्हैया लाल पटेल आदि मौजूद थे।

### राम कृष्ण को पीएचडी

**भिलाई।** भौतिक शास्त्र विषय में राम कृष्ण को पीएचडी की उपाधी मिली है। रेयर अर्थ मटेरियल पर



लुमिनेसेंस में राम कृष्ण ने शोध के लिए आईएसबीएम विश्वविद्यालय छुरा गरियाबंद से डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। इसके तहत शोध प्रबंध सिंथेसिस एण्ड केरेक्टराइजेशन ऑफ रेयर अर्थ डोप्ड रीटू एसआईओ 5 फॉस्फोर फॉर डिस्प्ले एंड डोसिमेट्री ने रामकृष्ण को डॉक्टरेट की उपाधि दिलाई। शोध कार्य को डॉ. एन कुमार स्वामी और डॉ. विकास दुबे के मार्गदर्शन में 28 दिसंबर को सफलता पूर्वक पूर्ण किया।

### राष्ट्रीय साइकिल पोलो चैंपियनशिप का आयोजन आज से

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र साइकिल पोलो क्लब द्वारा छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ के सहयोग से 3 जनवरी से 5 जनवरी तक 17वीं पुरुष और 13वीं महिला फेडरेशन कप राष्ट्रीय साइकिल पोलो चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। यह चैंपियनशिप साइकिल पोलो ग्राउंड भिलाई निवास के सामने इंदिरा प्लेस, भिलाई में आयोजित किया जाएगा। भिलाई में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में देश के विभिन्न हिस्सों से पुरुष और महिला साइकिल पोलो खिलाड़ी भाग लेंगे। दुर्ग लोकसभा के सांसद सदस्य विजय बघेल 3 जनवरी को सुबह 11.30 बजे बीएसपी साइकिल पोलो ग्राउंड में तीन दिवसीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप का उद्घाटन करेंगे। चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ बीएसपी साइकिल पोलो क्लब, भारतीय साइकिल पोलो महासंघ और छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ के सदस्य भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### बोरिया गेट पर सैकड़ों कर्मचारियों को बांटे 20 सूत्रीय मांगपत्र

# बीएसपी कर्मियों की आवासीय और मेडिकल समस्या का जल्द हो निदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

लंबित समस्याओं को लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। एक साल बीतने के बाद भी निदान नहीं हुआ है। बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने लंबित मांगों के निदान की मांग को लेकर बोरिया गेट में कर्मचारियों को पंफलेट बांटकर प्रबंधन पर दबाव बनाया ।

उल्लेखनीय है कि वेतन समझौता और एरियर्स सहित कई समस्याएं आज भी यथावत बनी हुई हैं। कर्मियों में पनप रहे असंतोष को देखते हुए यूनियनें उन्हें एकजुट कर रही हैं। बीडब्ल्यूयू के बैनर तले अध्यक्ष उज्जवल दत्ता की अगुवाई में मांगों से संबंधित पंफलेट सैकड़ों कर्मियों को बांटकर जागरुक किया। प्रबंधन से सभी मांगों के जल्द निदान की मांग की गई। कर्मचारियों कहा कि मूलभूत समस्याओं के तरफ प्रबंधन उदासीन है । इस दिशा में प्रयास करने की बहुत जरूरत है । आवास समस्या, अस्पताल समस्या तथा कर्मचारियों का पे पॉकेट किस तरह से बढ़ाया जाए यह प्रबंधन को सोचना चाहिए । श्री दत्ता ने बताया कि कर्मचारियों को जनवरी 2017 से मार्च 2020 तक का फिटमेंट एरियर भुगतान नहीं किया गया है। 58 महीने का वेरिएबल पर्क्स का एरियर दिया जाए । .अधिकारियों की तर्ज पर 15% एमजीबी एवं 35% पर्क्स दिया जाए । बीएसपी के अंदर हो रही चोरी पर अंकुश लगे,

**बीडब्ल्यूयू ने डायरेक्टर इंचार्ज और ईडी को समस्याओं से कराया अवगत**





#### कर्मचारियों की मांगें

यह हैं कर्मचारियों की मांगेंबीडब्ल्यूयू ने .वार्षिक एक्स ग्रेशिया के लिए नया फार्मूला बनाने की मांग की है। इसे कर्मचारियों को अधिक से अधिक राशि मिल सकेगी। इसी तरह.दूसरे पब्लिक सेक्टर की तरह रात्रि पाली भत्ता 3 सौ रुपए किया जाए । हाउस रेंट अलाउंस नए बेसिक के आधार पर देने के साथ सभी यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ मासिक सुरक्षा बैठक अनिवार्य रूप से करें । .आवास एवं वाहन ऋण पुनः शुरु करने के साथ .त्योहार अग्रिम की राशि स 25 000 रुपए करें व मूलभूत सुविधाओं के बाद बायोमेट्रिक आरएफआईडी लगाने की प्रक्रिया चालू करें । 650 स्क्वायर फीट के सभी आवास इकाइयों को बीएसपी कर्मचारियों को लाइसेंस पर दें. चालू किया जाए ,संयंत्र के अंदर सर्व सुविधा युक्त कैंटीन चालू की जाए और महिला तथा पुरुष कर्मचारियों के लिए नए टॉयलेट एवं सर्व सुविधा युक्त रेस्ट रूम की व्यवस्था की जाए । सेक्टर 9 हास्पिटल वाहन स्टैंड कर्मचारियों के लिए फ्री किया जाए । इस्पात क्लबों की बुकिंग ऑनलाइन की जाए ,सेक्ट र9 हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को दूर किया जाए । .युवा ए सी टी,ओ सी टी कर्मचारियों को उनकी डिग्री अनुसार सम्मानजनक पद नाम दिया जाए ।

#### डायरेक्टर इंचार्ज व ईडी से मिले

यूनियन पदाधिकारियों ने डायरेक्टर इंचार्ज को अनिर्बान दासगुप्ता सहित ईडी अंजनी कुमार,पवन कुमार से चर्चा किया और कर्मचारियों की समस्याओं से प्रबंधन को अवगत कराते हुए जल्द निदान की मांग की। डायरेक्टर इंचार्ज ने आश्वस्त किया कि कर्मचारियों के बारे में प्रबंधन बहुत कुछ करने जा रहा है । नए साल पर बहुत सारी योजनाएं कर्मचारी हित में देखने को मिलेंगी । चिकित्सा आवास एवं कर्मचारियों के पे पॉकेट तथा सुरक्षा के बारे में प्रबंधन गंभीर है इस दिशा में काम चल रहा है जल्द ही कर्मचारी इन सुविधाओं से लाभान्वित होंगे । यूनियन के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष उज्जवल दत्ता सहित कार्यकारी महासचिव शिव बहादुर सिंह, अतिरिक्त महासचिव डीलेश्वर राव, उपाध्यक्ष अमित बर्मन, बी जोगराव, सहायक महासचिव राजकुमार सिंह, आर के देशमुख, विमल कांत पांडे, सचिव मनोज डढ़ सेना, डी आर सोनवानी, राहुल राय आदि उपस्थित थे ।



## लापरवाह कर्मचारी को आयुक्त ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त आशीष देवांगन ने स्टेशनरी शाखा के लिपिक दुष्यंत सेन को नोटिस थमाया है। आयुष्मान कार्ड बनाने चल रहे सर्वे समीक्षा में लापरवाही करना पाया गया। आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि सर्वे कार्य को गंभीरता से करें। बहाने बाजी करने पर बख्शा नहीं जाएगा। सोमवार को आयुक्त ने आयुष्मान व विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की। उन्होंने सभी सेक्टर प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रतिदिन कर्मचारी से निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट ले। 40 वार्ड को 11 जोन में विभक्त कर सर्वे कार्य कराया जा रहा है।

■ आयुष्मान कार्ड बनाने चल रहे सर्वे, समीक्षा में लापरवाही करना पाया गया

आयुक्त ने कहा कि कर्मचारी प्रत्येक घर तक पहुंचे। वार्ड की जनसंख्या, घरों की संख्या, परिवार में सदस्यों की सख्या, राशन कार्ड में सदस्य का नाम छूटा तो नहीं है, आयुष्मान कार्ड की वास्तविक संख्या, मृत व प्रवासी व्यक्ति की संपूर्ण जानकारी एकत्र करें। जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उनका कार्ड तत्काल बनाए।

#### कार्यालय में भी बनाया जा रहा कार्ड

आयुष्मान कार्ड का लाभ प्रत्येक एपीएल और बीपीएल हितग्राहियों को मिले इसके लिए न केवल सर्वे कार्य किया जा रहा है,बल्कि कार्ड बनाने काउंटर भी बनाया गया है। निगम क्षेत्र के नागरिक टंकी कार्यालय व मुख्य कार्यालय पहुंचकर आयुष्मान कार्ड कार्यालय समय में बनवा सकते है।

#### कर्मकारों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के कर्मकारों को प्रशिक्षण देना है। प्रशिक्षण लेने वालों को 500 रुपए का भत्ता दिया जाएगा। यही नहीं प्रशिक्षण लेने वालो को स्वरोजगार के लिए 1 लाख का लोन और बाद में 2 लाख का लोन दिया जाएगा। आयुक्त ने इस योजना की समीक्षा की और कर्मचारियों को हितग्राहियों का पंजीयन करने के निर्देश दिए।

## राजनीतिक लाभ के लिए हड़ताल: चन्ना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भारतीय मजदूर संघ ने जारी बयान में कहा है कि संयुक्त आंदोलन के नाम पर बीएसपी में हड़ताल करवाने का प्रयास राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है। केंद्रीय नेतृत्व को साथ लेकर एजेंडा तय किया जाना चाहिए। बीएमएस को किनारे रखकर यूनियनों ने हड़ताल की तारीख तय की है । इसलिए बीएमएस संयुक्त आंदोलन का हिस्सा नहीं है। बीएमएस पदाधिकारियों ने कहा कि हमारी यूनियन वेतन समझौता के दौरान कर्मचारियों के पक्षधर होकर 10 साल का वेतन अवधि के साथ एमजीबी 20% तथा संशोधित वेतनमान का पर्क्स 35% की मांग रखी। जबकि एनजीसीएस की 4 प्रतिभागी श्रम संगठनों की पर ध्यान दें तो गौर करें कि कौन वेतन चर्चा में उनके कर्मचारियों के पक्ष में खड़ा रहा। एनजेसीएस यूनियनें निलम्बित तथा स्थानांतरण करवाने से भी नहीं चूकते । सभी एकबद्ध होकर कर्मचारियों का नुक़सान पहुंचाने का काम किया है। भारतीय मजदूर संघ सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है पर कर्मचारियों की क्षति न हो इसके लिए भी प्रयास किया है। एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाले लोग श्रमिकों को असहाय बताया और ऐतिहासिक समझौता किया, जिसमें 1-1-2017 से एमओयू के आधार पर वेतन भुगतान तक के बकाया राशि के भुगतान पर स्पष्टीकरण नहीं है। पर्क्स पर चर्चा करते समय सभी यूनियन के प्रतिनिधि 28% हेतु सहमति जताई गई पर एनजेसीएस के फोरम में तीन यूनियनें अपनी सहमति से विमुख हो कर 26.5% पर समझौता किया। भारतीय मजदूर संघ के साथ सीआईटीयू भी हस्ताक्षर करने से इंकार किया।



■ बीएमएस संयुक्त आंदोलन का हिस्सा नही है

## बाबा शेख अब्दुल वाहिद चिश्ती का उर्स 12 जनवरी से

**भिलाई।** हाजी बाबा शेख अब्दुल वाहिद कालीमी कलंदरी चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह सेक्टर-5 भिलाई का चौथा सालाना उर्स 12 व 13 जनवरी को मनाया जाएगा। सज्जादा नशीन शेख अकरम चिश्ती ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सालाना उर्स धूमधाम से इतवारी बाजार धमतरी में मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें 12 जनवरी बरोज जुमा को, कुरआन खानी सुबह 11 बजे, परचम कुशाई 2 बजे, शाही संदल 5 बजे, महफिल-ए-शमा बाद नमाज ईशा 10 बजे किया जाएगा। वहीं 13 जनवरी शनिवार को शाही गुस्ल रात 3 बजे, रंग की महफिल सुबह 4 बजे, कुल शरीफ की फतेहा सुबह 6 बजे तथा आम लंगर 12 बजे रखा गया है। शेख अकरम ने उर्स में शामिल होने की अपील की है।

## रामभक्त अक्षत कलश यात्रा का घर-घर दे रहे निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि में निर्माणाधीन भव्य मंदिर में 22 जनवरी को भगवान राम लला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी में भिलाई भक्तिमय होता जा रहा है। रामभक्त घर घर तैयारी का अलख जगा रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के विवरण व मंदिर के चित्र वितरण समिति के संयोजक शंकरलाल देवांगन के नेतृत्व में रामभक्तों की टीम कलश यात्रा के उपलक्ष्य में वैशालीनगर वार्ड सहित दर्जनभर वार्डों में निर्माणाधीन मंदिर का चित्र व परचा वितरण कर रही है। इस दौरान घर घर जाकर लोगों से प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों में दीपमालिका सजाने और सुंदरकांड आदि पाठ करने का आह्वान किया जा रहा है। श्री देवांगन ने बताया कि अक्षत कलश यात्रा का निमंत्रण घर जाकर दे रहे हैं। यह पुनीत कार्य 1 जनवरी से 15 जनवरी तक करना है। रामनगर, वार्ड, कोहका, कृष्णानगर, राधिकानगर, लक्ष्मीनगर, प्रियदर्शन नगर, सुपेला बाजार आदि वार्डों में अक्षत कलश यात्रा का निमत्रण देकर रामलला की प्राणप्रतिष्ठा का विवरण परचा व चित्र वितरित कर रहे हैं । टीम में पारस जंघेल, निहाल ठाकुर, पवन निषाद, अखिलेश वर्मा, संजय, प्रदीप साहू, अजय उपाध्याय, प्रेमचंद गिरी, भीमसेन सिन्हा, जगन्नाथ वर्मा, मदन सेन, रमेश शर्मा, मुरलीधर आदि अनेक रामभक्त शामिल हैं।



#### डिजीटल एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया जाएगा

22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भिलाई के मंदिरों में डिजीटल एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। लोगों से अपील की जा रही है कि सभी 11 से 1 बजे के मध्य अपने वार्ड के मंदिरों में रामभक्तों को एकत्र कर भजन कीर्तन व आरती करें। जय श्रीराम के जाप के सात हनुमान चालीसा का पाठ कर शाम को घरों के सामने दिवाली की तरह दीये जलाएं।

## पांडेय ने सीएम साय को दी बधाई...



**भिलाई।** प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंटकर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। भेंट के दौरान श्री पाण्डेय ने विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की।


## राष्ट्रीय थ्रोबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



31वीं सब जूनियर एवं 46 वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड राज्य के सराई खेलन जिले के चांडिल क्षेत्र में 27 दिसंबर से 29 दिसंबर 2023 तक किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला वर्ग ने अपने फाइनल मुकाबले में तमिल नाडु के साथ हुए कड़े मुकाबले में रजत पदक हासिल किया, जबकि पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ महिला टीम की कैप्टन चांदनी को तेलंगाना एवं हरियाणा के विरुद्ध खेले गए मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला। साथ ही छत्तीसगढ़ महिला टीम की अनामिका और रिया को एक एक मैच में प्लेयर ऑफ द मैच मिला। छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम के दीपक गहलोत एवम गौरव आर्या को भी प्लेयर ऑफ द मैच मिला। छत्तीसगढ़ के मयंक को प्रतियोगिता का बेस्ट प्लेयर चुना गया। प्रतियोगिता में 25 राज्यो के लगभग 1100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारतीय थ्रोबाल संघ के महासचिव रमन कुमार साहनी ने सभी राज्यों से आए हुए खिलाडियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी।

■ छत्तीसगढ़ की महिला वर्ग ने रजत व पुरुष वर्ग ने कांस्य पदक हासिल किया




### नववर्ष पर सेक्टर-9 मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

# '1.25 लाख' हनुमान चालीसा का हुआ पाठ





हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जय हनुमान सेवा वाहिनी के बैनर तले सेक्टर-9 स्थित हनुमान मंदिर में आचार्य कान्हा महाराज व आचार्य देव महाराज के सानिध्य में सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ नववर्ष के मौके पर किया गया। आयोजन में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी वहीं सांसद विजय बघेल व विधायक रिकेश सेन सहित अन्य प्रतिष्ठितजन भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। आयोजन का यह 10वां वर्ष था। अखंड हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के संकल्प को लेकर जय हनुमान सेवा वाहिनी के द्वारा इस वर्ष भी सेक्टर-9 स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में 1 जनवरी को शाम 5 बजे से सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक आयोजन किया गया। आयोजन में आचार्य कान्हा महाराज व आचार्य देवा महाराज ने व्यासपीठ से संगीतमय हनुमान चालीसा और भजनों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। सांसद विजय बघेल, वैशालीनगर रिकेश सेन, विधायक देवेंद्र यादव की मां पुष्पा यादव, भावना यादव, अर्चना यादव परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल हुए। जय हनुमान सेवा वाहिनी के सदस्य शरद मिश्रा ने बताया कि सवा लाख हनुमान चालीसा के पाठ के बाद महाआरती व महाभोग का प्रसाद वितरित किया गया। शरद ने सभी भक्तजनों के प्रति कार्यक्रम को सफल बनाने आभार व्यक्त किया है।

